आज का मौसम

अधिकतम 39° C
न्यूनतम 31° C
सूर्य अस्त (आज) 7:23
सूर्य उदय (कल) 5:25

# जीत समाचार

दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की
दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश


**अनमोल वचन**



स्वयं को ईश्वर को समर्पित कर दो। यह जीवन जैसा भी है, उनका दिया हुआ है।
-: प्रेमानंद महाराज


वर्ष : 13 अंक : 278 मूल्य : 2 रू पृष्ठ : 8

शुक्रवार
26 जून 2026

RNI NO : PUNHIN/2013/60106 www.zeetsamachar.com


## संक्षिप्त न्यूज

### वायु सेना प्रमुख ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की पुस्तक 'द सेकंड ऑर्बिट' का विमोचन किया



नई दिल्ली (एजेंसी)। वायु सेना प्रमुख मार्शल अमर प्रीत सिंह ने आज नई दिल्ली में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की आत्मकथा 'द सेकंड ऑर्बिट– बिलीफ ऑफ अ मैन३ ड्रीम्स ऑफ 1.4 बिलियन हार्ट्स' का विमोचन किया। यह पुस्तक लड़ाकू पायलट से अंतरिक्ष यात्री बनने तक ग्रुप कैप्टन शुक्ला के सफर और एक्सिओम–4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उनके ऐतिहासिक मिशन का वर्णन करती है। इसमें अंतरिक्ष यात्री चयन, गहन प्रशिक्षण, मिशन की तैयारी और अंतरिक्ष में जीवन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है।

इस कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन शुक्ला के ऐतिहासिक एक्सिओम–4 मिशन की पहली वर्षगांठ भी मनाई गई, जिसका प्रक्षेपण पिछले वर्ष 25 जून को किया गया था। वायु सेना प्रमुख मार्शल अमर प्रीत सिंह ने संवाददाता को संबोधित करते हुए कहा कि यह पुस्तक आने वाली पीढ़ी के लिए एक बड़ी प्रेरणा होगी।

शिक्षा मंत्रालय के सचिव संजय कुमार और अंतरिक्ष विभाग की सदस्य (वित्त) सीमा जैन भी इस अवसर पर उपस्थित थीं। कार्यक्रम के दौरान, ग्रुप कैप्टन शुक्ला ने विभिन्न विद्यालयों के छात्रों से भी बातचीत की।


जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की





# प्रधानमंत्री मोदी ने अमेजन के सीईओ से मुलाकात कर 48 अरब डॉलर के निवेश का स्वागत किया

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत में अमेजन के 48 अरब डॉलर के रिकॉर्ड निवेश का स्वागत किया। मोदी ने नई दिल्ली में अमेजन के सीईओ एंडी जेसी से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इस निवेश से युवाओं के लिए नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि यह भारत में निवेश करने के लिए दुनिया भर में बढ़ती रुचि को दर्शाता है।



## राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने कोलकाता में गोदाम की छत गिरने से हुई जनहानि पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली(एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल कोलकाता में गोदाम की छत गिरने से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

सोशल मीडिया संदेश में राष्ट्रपति ने इस घटना को बेहद दुखद बताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। उपराष्ट्रपति राधाकृष्णन ने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये और घायलों को 50–50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रभावित लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगातार काम कर रही है।



## उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने राज्यसभा के 10 सदस्यों को शपथ दिलाई

झारखंड(एजेंसी)। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने संसद भवन में राज्यसभा के दस नवनिर्वाचित और पुनर्निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई।

शपथ लेने वालों में आंध्र प्रदेश से तेलुगु देशम पार्टी के सना सतीश बाबू, विजय चिंताकयाला और बश्यम रामकृष्ण तथा जन सेना पार्टी के लिंगमनेनी रमेश शामिल हैं।

इसके अलावा अरुणाचल प्रदेश से भाजपा के ताई तागक, ओडिशा से भाजपा के देबाशीष सामंतराय, तमिलनाडु से कांग्रेस के प्रवीण चक्रवर्ती और गुजरात से भाजपा के राजेश परमानंद शुक्ला ने भी शपथ ली।

झारखंड से झारखंड मुक्ति मोर्चा के बैद्यनाथ राम और निर्दलीय सदस्य परिमल नथवानी ने भी राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की।



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## कोलकाता तारातला हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 9 हुई, एसआईटी जांच जारी



कोलकाता(एजेंसी)। कोलकाता के तारातला इलाके में हुए हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 9 हो गई है। 29 लोगों को अस्पताल लाया गया था, जिनमें से 20 लोगों का इलाज अभी भी चल रहा है।

विधानसभा में मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि हादसे के जिम्मेदार लोगों को कानून के दायरे में लाया जाएगा। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 10 दृ 10 लाख रुपये और घायलों को एक–एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि दुर्घटना स्थल पर राहत और बचाव कार्य जारी है। मामले की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। इसका नेतृत्व कोलकाता पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कुनाल अग्रवाल कर रहे हैं। पुलिस ने जांच तेज करते हुए संबंधित इमारत के मालिकाना हक वाली एजेंसी के दफ्तर पर भी छापा मारा है। इस मामले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। राहत और बचाव कार्य के साथ–साथ हादसे के कारणों की भी जांच की जा रही है।

## सुप्रीम कोर्ट ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मिले दान में कथित वित्तीय अनियमितताओं की जांच संबंधी याचिका पर तत्काल सुनवाई से किया इनकार



नई दिल्ली(एजेंसी)। सर्वोच्च न्यायालय ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को मिले दान में कथित वित्तीय अनियमितताओं की अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाली जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, न्यायालय ने याचिकाकर्ता को आश्वासन दिया कि मामले को उचित समय पर सूचीबद्ध किया जाएगा।

याचिकाकर्ता अधिवक्ता नरेंद्र कुमार गोस्वामी ने न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ के समक्ष कहा कि उनकी याचिका महत्वपूर्ण साक्ष्यों को सुरक्षित करने के लिए मामले को तत्काल सूचीबद्ध कराने तक सीमित है। याचिका में अयोध्या स्थित राम मंदिर में दान और चढ़ावे से संबंधित सीसीटीवी फुटेज, डिजिटल भुगतान रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों को सुरक्षित करने की मांग की गई है। इसमें ट्रस्ट द्वारा प्राप्त दान गहन जांच और मंदिर निधि प्रबंधन में अधिक पारदर्शिता की भी मांग की गई है।

याचिका में कथित वित्तीय अनियमितताओं का उल्लेख किया गया है और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की चल रही जांच का संदर्भ दिया गया है। याचिकाकर्ता ने स्पष्ट किया कि मामला केवल दान के प्रशासन से संबंधित है और धार्मिक प्रथाओं में हस्तक्षेप की मांग नहीं करता है।

इस बीच, लखनऊ के संभागीय आयुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में गठित तीन सदस्यीय एसआईटी ने हाल ही में राज्य सरकार को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सौंपी है। मंदिर के धन के कथित गबन की विस्तृत जांच अब भी जारी है।

## भूमि धोखाधड़ी और धनशोधन मामले में ईडी की दिल्ली–गाजियाबाद में छापेमारी

नई दिल्ली(एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भूमि धोखाधड़ी और धनशोधन के एक मामले में वीरवार को दिल्ली और गाजियाबाद के कई ठिकानों पर तलाश अभियान चलाया। यह मामला श्रेष्ठ प्रॉपबिल्ड प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों और सेवा सुरक्षा सहकारी आवास समिति के पदाधिकारियों से जुड़ा है।

निदेशालय के अनुसार आरोपियों ने गाजियाबाद के अकबरपुर बहरामपुर क्षेत्र में स्थित करीब 41,544 वर्ग मीटर भूमि के बदले आवासीय फ्लैट देने का वादा कर सोसाइटी के सदस्यों को अपने अधिकार छोड़ने के लिए कथित रूप से प्रेरित किया। जांच एजेंसी का आरोप है कि विकास अधिकारों का दुरुपयोग कर सोसाइटी की जमीन और फ्लैट तीसरे पक्ष को बेचे गए, जिससे अवैध धन अर्जित किया गया। मामले में जांच जारी है।

## वेनेजुएला में दो शक्तिशाली भूकंपों से 164 लोगों की मौत, 971 घायल

वेनेजुएला(एजेंसी)। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने कहा कि देश में आए दो शक्तिशाली भूकंपों में 164 लोगों की मौत हो गई है और 971 अन्य घायल हो गए हैं। रिएक्टर स्केल पर भूकंपों की तीव्रता 7.2 और 7.5 मापी गई है। ये भूकंप एक सदी से भी अधिक समय में वेनेजुएला में आए सबसे शक्तिशाली भूकंप है। वेनेजुएला की राजधानी काराकास से लगभग 1700 किलोमीटर दूर ब्राजील के अमेजन क्षेत्र तक के इलाकों में इमारतों को खाली कराया गया है।

इन भूकंपों के बाद वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति ने देश में आपातकाल की घोषणा कर दी है। सुश्री रोड्रिगेज ने छात्रों के लिए कक्षाओं को अगले आदेश तक स्थगित करने की घोषणा की। आपातकालीन दल कई स्थानों पर राहत और बचाव अभियान चला रहा है। मृतकों और घायलों की संख्या में वृद्धि होने की आशंका है।

## उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने ढाका में भारत के उच्चायुक्त के रूप में कार्यभार संभाला



बांग्लादेश(एजेंसी)। बांग्लादेश में भारत के नवनियुक्त उच्चायुक्त दिनेश त्रिवेदी ने आज ढाका में अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन को अपने परिचय–पत्र सौंपे।

राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह के बाद श्री त्रिवेदी ने ढाका स्थित भारतीय वीजा आवेदन केंद्र का दौरा किया और वहां की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से भी बातचीत की।

वीजा केंद्र में बड़ी संख्या में आवेदकों को देखकर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों के लिए सामान्य वीजा सेवाएं फिर से शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि 28 जून से पर्यटक वीजा के लिए आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

इस फैसले से भारत आने के इच्छुक हजारों बांग्लादेशी यात्रियों को राहत मिलने की उम्मीद है। साथ ही, इससे दोनों पड़ोसी देशों के बीच पर्यटन, व्यापार, पारिवारिक संपर्क और आपसी संबंधों को भी बढ़ावा मिलेगा।

# हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2026

## परीक्षा शहर की जानकारी जारी, 4-5 जुलाई को होगी परीक्षा

**जीत समाचार हरियाणा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने बहुप्रतीक्षित हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा 2026 के लिए परीक्षा केंद्रों के शहरों की जानकारी सार्वजनिक कर दी है। जो अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल होने जा रहे हैं, वे अब बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www-bseh-org-in पर जाकर अपने आवंटित परीक्षा-शहर की स्थिति देख सकते हैं।

**परीक्षा का कार्यक्रम**

बोर्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, परीक्षा का आयोजन 4 और 5 जुलाई 2026 को निर्धारित किया गया है। कुल 2,33,294 अभ्यर्थी इस वर्ष परीक्षा में शामिल होंगे, जिसके लिए प्रदेश भर में 383 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा का विवरण इस प्रकार है।

**कैसे देखें परीक्षा शहर**

अभ्यर्थी अपने रजिस्ट्रेशन नंबर और जन्मतिथि का उपयोग करके पोर्टल पर लॉग-इन कर सकते हैं और आवंटित शहर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि यह केवल परीक्षा-शहर की अग्रिम सूचना हैय मुख्य प्रवेश-पत्र बाद में आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे।

**सुरक्षा और सतर्कता**

परीक्षा को पारदर्शी और नकल-मुक्त बनाने के लिए बोर्ड ने व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रत्येक केंद्र पर जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त अधिकारी और बोर्ड के प्रतिनिधि तैनात रहेंगे। इसके साथ ही, केंद्र पर जैमर, बायोमेट्रिक सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सुनिश्चित की गई है। परीक्षा अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकने के लिए विशेष श्फ्लाइंग स्क्वायडश भी सक्रिय रहेंगे।

## वीरों का सम्मान, हरियाणा की पहचान!

**जीत समाचार हरियाणा।** हरियाणा सरकार सैनिकों, पूर्व सैनिकों, अर्धसैनिक बलों के जवानों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में अब तक शहीद सैनिकों के 420 आश्रितों को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है।

ष्हरियाणा देश का पहला राज्य है जिसने अग्निवीरों के पुनर्वास के लिए सरकारी नौकरियों में भूतपूर्व सैनिकों की तर्ज पर आरक्षण देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में हरियाणा मंत्रिमंडल द्वारा नीति को मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।- राव नरबीर सिंह, सैनिक एवं अर्धसैनिक कल्याण मंत्री




# हरियाणा विजन-2047

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का संकल्प!



**जीत समाचार हरियाणा।** मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हरियाणा सिविल सचिवालय में उच्चतर शिक्षा विभाग की 'हरियाणा विजन-2047' के अंतर्गत आगामी पांच वर्षों के रोडमैप एवं कार्ययोजना की समीक्षा की।

बैठक में उच्च शिक्षा को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण, रोजगारोन्मुख तथा वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के लिए चल रही योजनाओं, बजट घोषणाओं और मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

ष्विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में सुधार, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन तथा शिक्षकों के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती सुनिश्चित की जाए।- मुख्यमंत्री

# राष्ट्रपति मुर्मु ने सैन्य इंजीनियर सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की

नई दिल्ली(एजेंसी)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में सैन्य इंजीनियर सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सैन्य इंजीनियर सेवा के अधिकारियों का कौशल, समर्पण और कड़ी मेहनत देश की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि इन अधिकारियों के प्रयासों से सैनिक, नौसैनिक और वायुसेना के जवान अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्य केवल सुरक्षित और मजबूत भारत के निर्माण में ही नहीं, बल्कि स्वच्छ, हरित और सतत भारत के निर्माण में भी योगदान देने वाले होने चाहिए।



# सम्पादकीय

## संपादकीयः संपादक की कलम से

### सोशल मीडिया और ‘फेक न्यूज’– सूचना के युग में विवेक की परीक्षा

सोशल मीडिया सूचना का सबसे तेज माध्यम है, लेकिन यही गति कभी–कभी विनाशकारी साबित होती है। आज ‘फेक न्यूज’ और ‘इको चौंबर’ (जहाँ हमें वही दिखता है जो हम देखना चाहते हैं) ने समाज में /रुवीकरण को बढ़ावा दिया है।

विश्लेषणरू एल्गोरिदम हमें उन सूचनाओं की ओर धकेलते हैं जो हमारे पूर्वाग्रहों को पुष्ट करती हैं। इससे हम विपरीत विचारों को सुनना बंद कर देते हैं। बिना सोचे–समझे जानकारी साझा करने की आदत ने अफवाहों को जंगल की आग की तरह फैलाया है। किसी भी खबर की सत्यता जांचे बिना उसे आगे बढ़ाना एक सामाजिक अपराध की तरह बन गया है।

निष्कर्ष : हमें ‘सूचना साक्षरता’ (प्दवितउंजपवद स्पजमतंबल) विकसित करनी होगी। हर समाचार को एक बार ‘फैक्ट–चेक’ करना अनिवार्य है। इंटरनेट पर मिलने वाली हर जानकारी सच नहीं होती। एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में, हमारा कर्तव्य है कि हम सूचना के उपभोक्ता होने के साथ–साथ उसके प्रति सतर्क भी रहें।

–कमल पवार




वैदिक ज्योतिष शास्त्र, वास्तु शास्त्र, अंक शास्त्र, सामुद्रिक शास्त्र, लाल किताब, हस्त रेखा, जन्म कुण्डली विश्लेषण और रत्नों की जानकारी के लिए आप सम्पर्क कर सकते हैं.
पंडित जगदीप बाबा जी ‘दिव्येश’
93186 82393, 70187 97214.
दिव्या दीप ज्योतिष कार्यालय
bawjiastrology@gmail-com

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची खबर की

जय श्री गणेश
पंडित जगदीप बाबा जी ‘दिव्येश’
दिनांक : 26 जून 2026, शुक्रवार

## आज का पंचांग

तिथि : द्वादशी 10:25 नक्षत्र : विशाखा 07:16
करण : बव 09:17 बालव : 10:25
पक्ष :शुक्ल योग : सिद्ध 11:38
सूर्योदय : 05:24 सूर्यास्त :07:22
चन्द्रमा : तुला 12:34 राहुकाल : 10:39 – 12:23
विक्रमी संवतम् : 2083 शक सम्वत : 1948
मास अमांत : ज्येष्ठ
शुभ मुहूर्त : अभीजित 11:55 – 12:51

## आज का राशिफल

### मेष राशि
आज के दिन आप बिना झंझट विश्राम कर सकेंगे। अपनी मांसपेशियों को आराम देने के लिए तेल से मालिश करें। आर्थिक तौर पर सुधार तय है

### वृषभ राशि
जो धुंध आपके चारों तरफ छायी हुई है और आपकी प्रगति को बाधित कर रही है, उससे बाहर निकलने का समय है। चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फँसने से बचें– निवेश करने में काफी सावधानी बरतें

### मिथुन राशि
आज आप खेल–कूद में हिस्सा ले सकते हैं, जो आपको तन्दुरुस्त बनाए रखेगा। माली सुधार की वजह से जरूरी खरीदारी करना आसान रहेगा। जरूरत के वक्त आपको दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

### कर्क राशि
दोस्तों और परिवार के सदस्यों को आपकी जिन्दगी भले ही बेहतरीन नजर आए– लेकिन हाल में हुई किसी घटना के चलते आप अन्दर–ही–अन्दर खिन्न और उदास होंगे।

### सिंह राशि
बच्चे आपकी शाम को खुशी की चमक लाएंगे। थकाऊ और उबाऊ दिन को अलविदा कहने के लिए एक बढयिा डिनर की योजना बनाएँ। उनका साथ आपके शरीर में फिर से ऊर्जा भर देगा। दीर्घावधि निवेश से बचिऐ

### कन्या राशि
व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी। लेकिन इसे हमेशा के लिए सच मानने की गलती न करें। अपनी जिंदगी और सेहत का सम्मान करें। आर्थिक तौर पर सुधार के चलते आप आसानी से काफी वक्त से लंबित बिल और उधार चुका सकेंगे।

### तुला राशि
कानूनी मामलों की वजह से तनाव मुमकिन है। चालाकी भरी आर्थिक योजनाओं में फँसने से बचें– निवेश करने में काफी सावधानी बरतें। जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है,

### वृश्चिक राशि
अपनी ऊर्जा को व्यक्तित्व–विकास के काम में लगाएँ, जिससे आप और भी बेहतर बन सकें। आर्थिक तौर पर सिर्फ और सिर्फ एक स्रोत से ही लाभ मिलेगा।

### धनु राशि
मुश्किल परिस्थितियों का सामना करते वक्त आपको हिम्मत और मजबूती दिखाने की जरूरत है। सकारात्मक रवैये के माध्यम से आप आसानी से इन बाधाओं को पार कर सकते है

### मकर राशि
धैर्य बनाए रखें, क्योंकि आपकी समझदारी और प्रयास आपको सफलता जरूर दिलाएंगे। अपने खर्चों पर काबू रखें और आज हाथ खोलकर व्यय करने से बचें। बच्चे आपके दिन को बहुत मुश्किल बना सकते हैं।

### कुम्भ राशि
पीने की आदत को अलविदा कहने के लिए बहुत ही अच्छा दिन है। आपको समझना चाहिए कि शराब सेहत की सबसे बड़ी दुश्मन है और यह आपकी क्षमताओं पर भी कुठाराघात करती हैं

### मीन राशि
किसी संत पुरुष का आशीर्वाद मानसिक शान्ति प्रदान करेगा। आर्थिक मामलों में अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है। रिश्तेदारों के यहाँ छोटी यात्रा आपके भागदौड़ भरे दिन में आराम और सुकून देने वाली साबित होगी।

जीत समाचार TV
जीत सच्ची ख़बर की
जीत समाचार को हर जिले, शहर आदि से रिपोर्ट की आवश्यकता है। यदि आप में है दम तो मौका देगे हम!
जीत समाचार आपकी तीसरी आँख वन कर आपका मार्गदर्शन करेगा। आप के शहर मे कोई ऐसी खबर हो तो आप हमारी अखबार व टीवी में दिखाना चाहते है तो सम्पर्क करे।
9041090470

जीत समाचार
दैनिक समाचार पत्र
जीत सच्ची ख़बर की
मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक : कमल पवार द्वारा 11368, पवित्र नगर, वालिया कालोनी हैबोवाल कलां, लुधियाना से प्रकाशित एंव जीत लुधियाना प्रिंटर्स हैबोवाल लुधियाना से मुद्रित।
सम्पादक : कमल पवार इस अंक मे प्रकाशित एंव समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा उत्पन्न समस्त विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होगे।
R.N.I NO. PUN/HIN/2013/60106
Contact us :- +91-98030-25111.

# नगर निगम जोन-सी भाग-2: चिमनी रोड पर बिल्डिंग ब्रांच का 'खेल' जारी

## एटीपी जोन-सी के 'काम रुकवाया' दावे के 24 घंटे बाद भी नहीं रुका निर्माण, कमिश्नर के आदेश बेअसर

### 'चालान काटो-बिल्डिंग बनाओ' फॉर्मूला हिट, इंस्पेक्टर बोले– 'ऊपर से फोन आ जाएगा'

जीत समाचार | लुधियाना | 25 जून 2026

रिपोर्ट: विक्की कुमार

**लुधियाना:** चिमनी रोड ब्लॉक-29 में नाजायज कमर्शियल निर्माण को लेकर नगर निगम जोन-सी बिल्डिंग ब्रांच की कार्राप्रणाली पर एक बार फिर सवाल खड़े हों गए हैं। एटीपी जोन-सी ने कल दावे कियाथा कि "काम रूकवा दिया गया है", लेकिन हमारी आज की ग्राउंड रिपोर्ट बताती है कि निर्माण कार्य धड़ल्ले से जारी है। मजदूर बिना किसी डर के काम करते दिखे, ईटों की ट्रॉली चढ़ती-उतरती रही। क्या यह कमिश्नर के आदेशों की खुली अनदेखी नहीं?




### ग्राउंड रिपोर्ट: हालात जस के तस

जहां कल डेढ़ दीवार खड़ी थी, आज दो नई दीवारें और सामने की दीवार भी खड़ी हो चुकी है। मौके पर ट्रैक्टर ट्रॉली से ईटें उतारी जा रही थीं और मजदूर लगातार काम में जुटे रहे।



### व्हाट्सएप शिकायत=जीरो एक्शन

एटीपी जोन-सी और बिल्डिंग इंस्पेक्टर को खबर की कटिंग और फोटो भेजी गई, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। "काम रूकवा दिया" का दावा झूठ साबित हुआ।



### 'ऊपर से फोन आ जाएगा'

इंस्पेक्टरों का कहना—चालान दे दिया है, अब ऊपर से फोन आ जाएगा तो हम क्या करें? सिर्फ चालान काटकर इतिश्री कर लेते हैं, निर्माण चालू रहता है।




### सियासी संरक्षण की चर्चा तेज

सूत्रों का दावा—अधिकारियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है, इसलिए नियम, कमिश्नर के आदेश और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश भी बेअसर साबित हो रहे हैं।



### नियमों की खुली धज्जियां

- बिना नक्शा पास नाजायज कमर्शियल निर्माण जारी
- सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की हो रही अनदेखी
- ब्लॉक-29 में लगातार बन रही दुकांनें
- निगम का चालान सिस्टम सिर्फ दिखावा बनकर रह गया

### कमिश्नर का सख्त बयान

"चालान काटने का मतलब काम रूकवाना होता है, न कि निर्माण जारी रखना। नक्शा पास होने तक एक ईट भी नहीं लग सकती।

– नगर निगम कमिश्नर

**अब बड़ा सवाल:** क्या नगर निगम कमिश्नर जोन-सी बिल्डिंग ब्रांच के जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करेंगे या चिमनी रोड का यह मामला भी फाइलों में दब जाएगा?



दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## मिशन क्लीन पंजाबः नगर निगम कमिश्नर अलंकार ने मुख्य डंप साइट का किया निरीक्षण, कचरा निपटान परियोजनाओं में तेजी लाने के दिए निर्देश



**जीत समाचार लुधियाना (अरूण कुमार)।** मिशन क्लीन पंजाब' के तहत राज्य के औद्योगिक केंद्र लुधियाना में कचरा प्रबंधन व्यवस्था को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने बुधवार को ताजपुर रोड स्थित नगर निगम की मुख्य डंप साइट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विरासती (लेगेसी) कचरे तथा प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले ताजे कचरे के निपटान के लिए चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान कमिश्नर अलंकार ने लगभग 20 लाख मीट्रिक टन लेगेसी कचरे और शहर में प्रतिदिन पैदा होने वाले ताजे कचरे के वैज्ञानिक निपटान के लिए चल रहे बड़े कचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट्स का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन परियोजनाओं में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए।

कमिश्नर अलंकार ने विशेष रूप से अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि मानसून सीजन के दौरान मुख्य डंप साइट तक पहुंच में किसी प्रकार की बाधा न आए, ताकि कचरा निपटान कार्य लगातार जारी रह सके।

इस मौके पर नगर निगम के संयुक्त कमिश्नर विनीत कुमार, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर शाम लाल गुप्ता, सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर प्रवीण सिंगला सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

नगर निगम कमिश्नर ओजस्वी अलंकार ने कहा कि स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में 'मिशन क्लीन पंजाब' के तहत नगर निगम शहर के लिए व्यापक कचरा प्रबंधन योजना पर कार्य कर रहा है। मुख्य डंप साइट पर चल रही परियोजनाओं को गति देने के साथ-साथ शहरभर में सफाई व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए भी कई महत्वपूर्ण पहल की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि मानसून सीजन को ध्यान में रखते हुए पहले से ही आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वरिष्ठ अधिकारी नियमित रूप से जमीनी स्तर पर स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और नागरिकों से प्राप्त सुझावों एवं फीडबैक को भी गंभीरता से लिया जा रहा है।

इस दौरान कमिश्नर अलंकार ने शहरवासियों से अपील की कि वे खुले में कचरा फेंकने से बचें और स्वच्छ एवं सुंदर शहर के निर्माण में नगर निगम का सहयोग करें।

## अमृतसर में संयुक्त अभियान के दौरान अफगान नागरिक समेत सात लोग गिरफ्तार

**जीत समाचार अमृतसर (ब्यूरो)।** पंजाब पुलिस ने एक केंद्रीय एजेंसी के साथ संयुक्त अभियान में अमृतसर जिले में सीमा पार से संचालित अवैध हथियार, नशीले पदार्थ और हवाला नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में एक अफगान नागरिक और एक नाबालिग सहित सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से




दो सब-मशीन गन सहित 10 अत्याधुनिक हथियार, पांच किलोग्राम से अधिक हेरोइन और 30.38 लाख रुपये की हवाला राशि बरामद की है।

पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में पता चला है कि आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से विदेश में बैठे संचालकों के संपर्क में थे। वे कथित रूप से नशीले पदार्थों और अवैध हथियारों की खेप प्राप्त कर उन्हें आपराधिक तत्वों तक पहुंचाते थे। वित्तीय लेन-देन के लिए हवाला नेटवर्क का भी इस्तेमाल किए जाने की आशंका है। मामले की जांच जारी है।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान के इस्तीफे और निष्पक्ष जांच की मांग तेज

**जीत समाचार चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान से जुड़े कथित अपमान के वीडियो को लेकर विवाद बढ़ता जा रहा है। कई राजनीतिक दलों के नेता उनके इस्तीफे और निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। गुरुद्वारा प्रबंधन की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने भी श्री मान से पद छोड़ने को कहा है।

गुरुग्राम पुलिस द्वारा कल एफआईआर दर्ज किये जाने के बाद मुख्यमंत्री के समर्थकों द्वारा बचाव में पेश की गई फोरेंसिक रिपोर्ट की जांच शुरू हो गई है। मामले में धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप शामिल हैं। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि कुछ पंजाब पुलिसकर्मियों और राज्य सरकार के अधिकारियों ने मामले से जुड़े फोरेंसिक दस्तावेजों को गढ़ने के लिए अवैध भुगतान की सुविधा प्रदान की होगी।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पटियाला में कहा कि एक रिपोर्ट प्राप्त हुई है और गुरुग्राम स्थित एक प्रयोगशाला द्वारा फोरेंसिक रिपोर्ट में कथित हेरफेर की विस्तृत जांच चल रही है। इस बीच,मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि वीडियो फर्जी है और उन्हें बदनाम करने के अभियान का हिस्सा है।

## एस.आई.आर.-2026 के तहत बी.एल.ओ. घर-घर जाकर भरवाएंगे गणना फॉर्म : जिला चुनाव अधिकारी

**जीत समाचार मालेरकोटला (अरूण कुमार)।** डिप्टी कमिश्नर-कम-जिला चुनाव अधिकारी विराज एस. तिड़के ने पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार एस.आई.आर.-2026 (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के दूसरे चरण की शुरुआत 25 जून से हो गई है। इसके तहत 24 जुलाई 2026 तक बूथ लेवल अधिकारी (बी.एल.ओ.) घर-घर जाकर मतदाताओं से गणना फॉर्म भरवाएंगे, ताकि मतदाता सूचियों को और अधिक शुद्ध, पारदर्शी तथा त्रुटिरहित बनाया जा सके।




उन्होंने बताया कि प्री-एस.आई.आर. मैपिंग के दौरान मालेरकोटला जिले के 3,25,433 मतदाताओं में से 2,97,252 मतदाताओं की सफलतापूर्वक मैपिंग की जा चुकी है, जो कुल मतदाताओं का 91.34 प्रतिशत है। इस व्यापक अभियान को सफल बनाने के लिए 400 बी.एल.ओ., 40 सुपरवाइजर, 2 ई.आर.ओ. तथा 10 ए.ई.आर.ओ. सहित पूरा चुनावी अमला तैनात किया गया है।

जिला चुनाव अधिकारी ने स्पष्ट किया कि एस.आई.आर. का उद्देश्य किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाना नहीं है। इसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो तथा कोई भी डुप्लीकेट या अपात्र प्रविष्टि सूची का हिस्सा न रहे।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे सोशल मीडिया अथवा अन्य माध्यमों से फैल रही भ्रामक अफवाहों से सावधान रहें और केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक को मतदान का अधिकार सुनिश्चित करना तथा लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाना ही एस.आई.आर.-2026 का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने बताया कि बी.एल.ओ. मतदाताओं को गणना फॉर्म उपलब्ध कराएंगे। यदि पहली बार घर पर कोई सदस्य उपलब्ध नहीं होता है, तो बी.एल.ओ. फॉर्म घर के दरवाजे पर छोड़ देंगे और अगली यात्रा के दौरान भरे हुए फॉर्म एकत्रित कर लेंगे।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूचियों को अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनाने के लिए मीडिया, राजनीतिक दलों और आम नागरिकों का सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# नशे के विरुद्ध जागरूकता के लिए लगाई दौड़

## जिला प्रशासन और पुलिस ने किया मिनी मैराथन का आयोजन

### डीसी, एसपी, अन्य अधिकारियों, बच्चों, युवाओं ने लिया भाग




**जीत समाचार हमीरपुर(ब्यूरो)।** मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस तथा नशा निवारण सप्ताह के उपलक्ष्य पर जिला प्रशासन एवं पुलिस ने वीरवार सुबह हीरानगर के चिल्ड्रन पार्क से पक्का भरो चौक तक मिनी मैराथन दौड़ आयोजित की।

इस मिनी मैराथन में उपायुक्त गंधर्वा राठौड़, एसपी बलवीर सिंह, एडीसी अभिषेक कुमार गर्ग, एसी टू डीसी चिराग शर्मा, सीएमओ डॉ. अजय अत्री, डीएफओ अंकित सिंह, जिला कल्याण अधिकारी चमन लाल शर्मा, डीएसपी नितिन चौहान, एडीपीईओ राजेंद्र शर्मा, कई अन्य अधिकारियों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों ने भी बच्चों, युवाओं और अन्य धावकों संग दौड़ लगाई।

महिलाओं और पुरुषों के दो अलग–अलग आयु वर्गों में करवाई गई इस मिनी मैराथन को हरी झंडी दिखाने से पहले उपायुक्त ने सभी लोगों को नशे का विरोध करने की शपथ दिलाई। एसपी ने भी बच्चों और युवाओं को नशे से दूर रहने का संदेश दिया। मिनी मैराथन की समाप्ति पर पक्का भरो चौक पर विजेताओं को नकद पुरस्कार भी दिए गए।

लड़कियों के अंडर–16 वर्ग में हाई स्कूल चौकी जमवालां की कामिनी पहले, हिम अकादमी स्कूल की प्रियांशी वशिष्ठ दूसरे, चौकी जमवालां की धनेश्वरी तीसरे, इसी स्कूल की शबनम चौथे और मनीता पांचवें स्थान पर रहीं। अंडर–16 ब्वायज में हिम अकादमी के रकुल प्रथम, सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के पंकज खरयाल द्वितीय, सिल्वर बैल्स स्कूल के अर्पित तृतीय, न्यू गुरुकुल के कौशल ठाकुर चतुर्थ और नक्ष चौहान पंचम स्थान पर रहे।

16 वर्ष से अधिक के आयु वर्ग में डिग्री कालेज की राशि पहले, इसी कालेज की सुहानी दूसरे, धलोट की शिवाली तीसरे, डिग्री कालेज की ऋचा चौथे और कुठेड़ा स्कूल की शाइन पांचवें स्थान पर रही। जबकि, पुरुषों के वर्ग में रोहडू के आर्यन पहले, ताल क्षेत्र के गांव पट्टियां के आदित्य दूसरे, गांव ककरू के नवीन तीसरे, कुठेड़ा क्षेत्र के गांव उबक के अतुल चौथे और गांव अवाह देवी के दीपक पांचवें स्थान पर रहे।

# शाहपुर के पुहाड़ा पुल के नीचे व्यक्ति का शव मिलने पर विधायक केवल सिंह पठानिया ने जताया शोक



**जीत समाचार धर्मशाला(ब्यूरो)।** शाहपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रेहलू निवासी 45 वर्षीय पवन कुमार पुत्र स्वर्गीय नीचू राम का शव पुहाड़ा पुल के नीचे मिलने की घटना पर उप–मुख्य सचेतक व स्थानीय विधायक केवल सिंह पठानिया ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

घटना की सूचना मिलते ही विधायक केवल सिंह पठानिया ने अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों में परिवर्तन कर तत्काल मौके पर पहुंचे तथा शोक संतप्त परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा परिजनों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

विधायक ने मौके से ही प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग तथा फॉरेंसिक विशेषज्ञों से संपर्क कर मामले की गहन एवं निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रशासन एवं पुलिस की टीमें तत्काल घटनास्थल पर पहुंचीं तथा फॉरेंसिक टीम के सहयोग से आवश्यक जांच प्रक्रिया आरंभ की गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पवन कुमार किसी कार्य से चम्बा गए हुए थे और वापसी के दौरान चंबा–शिमला बस से लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि उन्हें शाहपुर उतरना था, लेकिन वे पुहाड़ा में उतर गए। रात को घर न पहुंचने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। अगले दिन प्रातः उनका शव पुहाड़ा पुल के नीचे बरामद हुआ।

विधायक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि मामले के सभी पहलुओं की जांच के लिए प्रशासन को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।








दैनिक समाचार पत्र
जीत समाचार
जीत सच्ची खबर की

## मुख्यमंत्री की पहल पर 26 जून को 'एंटी चिट्टा डे', ऊना में भी होंगे विशेष कार्यक्रम



जीत समाचार ऊना। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर प्रदेश में 26 जून को 'एंटी चिट्टा डे' के रूप में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। नशे, विशेषकर चिट्टे के बढ़ते खतरे के प्रति लोगों खासकर युवाओं को जागरूक करने तथा नशा मुक्त हिमाचल के संकल्प को जन–आंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

इसी क्रम में ऊना जिले में भी नशे के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित मिनी सचिवालय परिसर में 26 जून को प्रातः 11 बजे एंटी चिट्टा शपथ कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी नशे के खिलाफ शपथ लेकर समाज से चिट्टे एवं अन्य मादक पदार्थों के उन्मूलन का सामूहिक संकल्प लेंगे।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश को नशा मुक्त बनाने के लिए एंटी चिट्टा अभियान छेड़ा है और इस पर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर बल दे रहे हैं और इस सामाजिक बुराई के खिलाफ व्यापक जनभागीदारी को समय की आवश्यकता बता चुके हैं। पहली बार आयोजित किए जा रहे 'एंटी चिट्टा डे' का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना, समाज में नशे के विरुद्ध सकारात्मक वातावरण तैयार करना तथा नशे के खिलाफ जनसहभागिता को और सुदृढ़ बनाना है।

## 'सपना हुआ साकार': सोभा सिंह आर्ट गैलरी पहुंचकर भावुक हुई पद्मश्री अभिनेत्री निर्मल ऋषि







जीत समाचार पालमपुर/अंद्रेटा(अभिषेक न्यूज एडिटर)। पंजाबी सिनेमा और रंगमंच की दिग्गज अभिनेत्री एवं पद्मश्री से सम्मानित निर्मल ऋषि ने बुधवार को अंद्रेटा स्थित प्रसिद्ध सोभा सिंह आर्ट गैलरी का दौरा कर महान संत–चित्रकार सरदार सोभा सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके लिए यह दौरा वर्षों पुराने सपने के सच होने जैसा रहा।

**खुशी शब्दों में बयां नहीं हो सकती**

आगंतुक पुस्तिका में अपने भाव व्यक्त करते हुए पद्मश्री निर्मल ऋषि ने कहा, "ओह माय गॉड.. . सरदार सोभा सिंह आर्ट गैलरी और उनके घर को देखना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात है। मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि मुझे इस महान कलाकार के घर में आने, उनके परिवार से मिलने और उनके साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा।" उन्होंने कहा कि महान चित्रकार सरदार सोभा सिंह के ऐतिहासिक निवास और उनकी कर्मस्थली में पहुंचकर वे अत्यंत आनंदित हैं।

**युवा प्रतिभा को दिया आशीर्वाद**

इस अवसर पर सरदार सोभा सिंह की पुत्री बीबी गुरचरण कौर तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने निर्मल ऋषि का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मुलाकात के दौरान कलाकार की प्रपौत्री डॉ. सरगुन कौर ने पद्मश्री निर्मल ऋषि को अपनी हस्तनिर्मित 'डॉट मंडला' कलाकृति भेंट की। ऋषि ने युवा कलाकार की सृजनात्मकता की भरपूर सराहना की और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद दिया।

**कला की अमर विरासत पर संवाद**

भेंटवार्ता के दौरान सरदार सोभा सिंह के जीवन दर्शन, उनकी अनमोल कलाकृतियों और उनकी अमर विरासत से जुड़ी स्मृतियों पर एक आत्मीय संवाद हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर प्रसिद्ध फिल्म लेखक एवं निर्देशक सुखी ढिल्लों, डॉ. हृदयपाल सिंह तथा श्रीमती कमलजीत कौर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**सांस्कृतिक धरोहर का केंद्र**

सोभा सिंह आर्ट गैलरी के संचार निदेशक डॉ. हृदयपाल सिंह ने कहा कि पद्मश्री निर्मल ऋषि की यह यात्रा गैलरी के समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास में एक नया यादगार अध्याय है। यह गैलरी आज भी देश–विदेश के कला, साहित्य और संस्कृति प्रेमियों के लिए एक मुख्य आकर्षण केंद्र बनी हुई है।

# जयसिंहपुरः ओवरलोड व बिना ढके खनन वाहनों पर प्रशासन सख्त, अब क्रशर मालिकों पर भी दर्ज होगी एफआईआर



जीत समाचार जयसिंहपुर(रवि कुमार)। उपमंडल में स्टोन क्रशरों से खनन सामग्री ले जाने वाले ओवरलोड और बिना ढके वाहनों के खिलाफ प्रशासन ने अब 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपना ली है। एसडीएम जयसिंहपुर संजीव ठाकुर ने कड़ा रुख अपनाते हुए स्पष्ट कर दिया है कि अब नियमों की अनदेखी करने पर केवल वाहन चालक ही नहीं, बल्कि संबंधित स्टोन क्रशर मालिक पर भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**प्रशासन की दो-टूकः अब कोई राहत नहीं**

एसडीएम संजीव ठाकुर ने कहा कि बार–बार की चेतावनियों और बैठकों के बावजूद नियम तोड़े जा रहे हैं, जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे में कहा, "नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अब किसी भी प्रकार की रियायत नहीं दी जाएगी। प्रशासन कानून के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेगा।" उन्होंने सभी स्टोन क्रशर संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने क्रशर से निकलने वाले हर वाहन की क्षमता का ध्यान रखें और यह सुनिश्चित करें कि सामग्री पूरी तरह से तिरपाल से ढकी हो।


**क्यों जरूरी है यह सख्ती?**

प्रशासन ने इस कार्रवाई के पीछे सुरक्षा और जनहित को मुख्य कारण बताया है।

सड़क सुरक्षाः खुले वाहनों से गिरती खनन सामग्री के कारण दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने और गंभीर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

संपत्ति का नुकसानः अत्यधिक भार (ओवरलोड) के कारण लोक निर्माण विभाग की सड़कों को भारी क्षति पहुंच रही है।

पर्यावरण संरक्षणः बिना ढके वाहनों से धूल प्रदूषण फैलता है, जो पर्यावरण नियमों का भी सीधा उल्लंघन है।



**पुलिस को दिए सख्त निर्देश**

एसडीएम ने लंबागांव पुलिस थाना प्रभारी को लिखित आदेश जारी कर तत्काल प्रभाव से अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। पुलिस को स्पष्ट कहा गया है कि ऐसे वाहनों के न केवल चालान किए जाएं, बल्कि आवश्यकता पड़ने पर वाहनों को जब्त भी किया जाए। साथ ही, नियमानुसार क्रशर मालिकों के विरुद्ध भी मामले दर्ज किए जाएं।

**इन कानूनों के तहत होगी कार्रवाई**

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उल्लंघन करने वालों पर निम्नलिखित कानूनों के तहत कानूनी शिकंजा कसा जाएगा।

भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराएँ।

मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधान।

प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के अंतर्गत दंडात्मक कार्रवाई।

**संपादकीय टिप्पणीः** प्रशासन के इस निर्णय से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है। उम्मीद है कि इस सख्ती के बाद सड़कों पर हादसों में कमी आएगी और क्षेत्र में यातायात नियमों का पालन पूर्णतः सुनिश्चित हो सकेगा।